कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड

(उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
डाण्डा लखौण्ड, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून –248001
ई.मेल:- mdnhmuk@gmail.com फोन/फैक्स 0135-2608646

पत्रांक : Corona/PS MD/2019-20/1/222 **दिनांक : 25 मार्च, 2020**

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।

विषय : COVID-19 रोकथाम हेतु कन्टोल रूम एवं कान्टैक्ट टेसिंग (Contact Tracing) सम्बन्धी कार्य विषयक।

सन्दर्भः सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं गृह विभाग, उत्तराखण्ड शासन का कार्यालय ओदश संख्या 57/पी.एस. –स0चि0स्वा0–2017 दिनांक 24 मार्च, 2020

महोदय,

कृपया, उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का संज्ञान लेने का कष्ट करें। आज दिनांक 25.03.2020 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में श्री चन्द्रेश कुमार, आई0ए0एस0 एवं कोविड–19 कन्ट्रोल रूम से सम्बन्धित अधिकारियों/कार्मिकों के साथ कोरोना वायरस संक्रमण से प्रभावी रोकथाम एवं कान्टैक्ट टेसिंग सम्बन्धी रणनीतिक चर्चा की गयी तथा तत्काल प्रभाव से निम्नवत् व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया हैः–

1. मुख्य कन्ट्रोल रूम मिशन निदेशक एन0एच0एम0 उत्तराखण्ड कार्यालय में स्थापित किया गया है। कान्टेक्ट ट्रेसिंग के कार्य हेतु मूल सूची तैयार करने का कार्य (पोर्टल, कॉल सेन्टर अथवा अन्य स्रोत से) मुख्य कन्ट्रोल रूम (NHM Control Room) से किया जायेगा। इस तरह तैयार सूची को इस हेतु स्थापित दो सैटेलाइट कन्ट्रोल रूम (देहरादून एवं हरिद्वार) को दैनिक रूप से प्रेषित किया जायेगा। एन0एच0एम0 कन्टोल रूम से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् हैः–
   - Email: covid19statewarroomuk@gmail.com
   - Call Center/Telephone No. 104/0135-2609500
   - Whatsapp No. +91- 9412080544

2. देहरादून सैटेलाइट कन्ट्रोल रूम द्वारा जनपद देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी गढवाल, चमोली, रूद्रप्रयाग, पौडी गढवाल, चम्पावत, पिथौरागढ, अल्मोडा तथा बागेश्वर से सम्बन्धित कान्टेक्ट ट्रेसिंग कार्य एवं अनुश्रवण दूरभाष के माध्यम से किया जायेगा। देहरादून सैटेलाइट कन्ट्रोल रूम कार्यक्रम निदेशक, यू0यू0एस0डी0ए0 कार्यालय देहरादून में स्थापित किया गया है, इससे सम्बन्धित विवरण निम्नवत् हैः–
   - Email: cvd19.uk@gmail.com
   - Telephone No. 0135-2751671/2753894
   - Whatsapp No. +91- 70055300910

Scanned with CamScanner

3. हरिद्वार सैटेलाइट कन्ट्रोल रूम कमान्डेन्ट 40 पी0ए0सी0 कार्यालय हरिद्वार में स्थापित किया गया है। इससे जनपद हरिद्वार, नैनीताल व उधमसिंह नगर से सम्बन्धित कान्टेक्ट ट्रेसिंग कार्य एवं अनुश्रवण दूरभाष के माध्यम से किया जायेगा। हरिद्वार सैटेलाईट कन्ट्रोल रूम से संबन्धित विवरण निम्नवत् है:–

- Email: covid.hdr@gmail.com
- Telephone No. 01334-270010
- Whatsapp No. +91- 8755292227
- Mobile No.- +91-9997749321

4. सैटेलाइट कन्ट्रोल रूम को रैपिड रेस्पान्स टीम तथा ब्लाक रेस्पान्स टीम की सूची उपलब्ध करायी जायेगी।
5. कान्टेक्ट ट्रेसिंग हेतु पूर्व मे ही विस्तृत गाइडलाइन जारी की जा चुकी है। साथ ही उक्त को सरलीकृत करते हुए पुनः दिशा निर्देश जारी किये गये है (पत्रांक UKHFWS/PS/MD-NHM/2019-20/01/220 दिनांक 24/03/2020)। उक्त के क्रम में जनपदवार रैपिड रेस्पान्स टीम/ब्लाक रेसपान्स टीमों (R.R.T./B.R.T.) का गठन किया गया है। इन आर0आर0टी0/बी0आर0टी0 के द्वारा अपने–अपने क्षेत्र में अनुश्रवण कार्य किया जाना है। सैटेलाइट कन्ट्रोल रूम से प्राप्त सूची/निर्देश के अनुसार अपने–अपने क्षेत्र में, दिशा निर्देशानुसार, कान्टेक्ट ट्रेसिंग करते हुए प्रत्येक दिन शाम 5 बजे तक इसकी सूचना सम्बन्धित सैटेलाइट कन्टोल रूम को उपरोक्त दिये गये ई0मेल तथा व्हाटस ऐप न0 पर उपलब्ध कराया जाना है। सैटेलाइट कन्ट्रोल रूम द्वारा दैनिक रूप से अद्यतन सूचना मुख्य कन्ट्रोल रूम को उसी दिन उपलब्ध करायी जायेगी।
6. सैटेलाइट कन्ट्रोल रूम से प्राप्त दैनिक कान्टेक्ट ट्रेसिंग अनुश्रवण सूची को दैनिक रूप से मुख्य कन्ट्रोल रूम की क्वारेंटाइन डेस्क द्वारा विश्लेषण किया जायेगा।
7. रेपिड/ब्लाक रेस्पान्स टीम का गठन तथा उनकी यथाआवश्यकता संख्या का निर्धारण सम्बन्धित क्षेत्र में दैनिक अनुश्रवण हेतु सम्भावित व्यक्तियों की संख्या पर निर्भर करेगा, जिसका निर्धारण जनपद स्तर पर किया जाना है, तथा इस हेतु आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था जनपद स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।
8. उपरोक्त कार्य की सुगमता हेतु आवश्यक है कि मुख्य/सैटेलाईट कन्ट्रोल रूम में जनपदवार आर0आर0टी0/बी0आर0टी0 की सूची उपलब्ध हो। इस हेतु कृपया निम्नलिखित प्रारूप पर सूचनायें आज ही प्रत्येक दशा में मुख्य/सैटेलाईट कन्ट्रोल रूम के ई0मेल पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

Scanned with CamScanner

जनपद का नाम	ब्लाक का नाम	टीम की संख्या	टीम के सदस्यों के नाम	सदस्यों के मोबाइल न0	निर्दिष्ठ वाहन संख्या	वाहन चालक का नाम	वाहन चालक का मो0 नं0
1	2	3	4	5	6	7	8
		1					
		2					

भवदीय

(युगल किशोर पन्त) भा0प्र0से0
मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

पत्रांक : Corona/PS MD/2019-20/1/ 222

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं गृह विभाग को उनके उपरोक्त संदर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ।
2. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
3. श्री चन्द्रेश कुमार, आई0ए0एस0, कार्यकम निदेशक, यू0यू0एस0डी0ए0, देहरादून।
4. श्री जनमेजय खण्डूरी, आई0पी0एस0, कमान्डैन्ट, 40 पी0ए0सी0, हरिद्वार।
5. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड।
6. निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण गढवाल/कमाऊ मण्डल।
7. मुख्य चिकित्साधिकारी समस्त जनपद उत्तराखण्ड।

25/3/2020

(युगल किशोर पन्त) भा0प्र0से0
मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

Scanned with CamScanner